wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351541818

वर्ष-1 | अंक-25 | सागवाड़ा, रविवार, 19 सितम्बर, 2021 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

# बालिका स्कूलों को बंद कर महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खोल रही सरकार, विरोध में उतरे ग्रामीण

## बालिका शिक्षा के साथ कैसा न्याय, एक तरफ सरकार बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओ का नारा दे रही दूसरी ओर बंद कर रही बालिका स्कूल

## सरकार डूंगरपुर जिले में पांच नए महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खोल रही है। यह सभी विद्यालय बालिका विद्यालय में ही खोले जाएंगे

ओबरी। जनजाति क्षेत्र में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए खोले गये स्कूलों को अब बंद किया जा रहा है। सरकार के एक आदेश जारी कर बालिका स्कूलों को बंद कर महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खोलरही है। ओबरी उपतहसील मुख्यालय क्षेत्र का कन्या शिक्षा के लिए 20 गांवों का एकमात्र राजकिय बालिका सैकंडरी विद्यालय है, जिसे बंद कर महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय की तैयारी में है। क्षेत्र का एक मात्र बालिका माध्यमिक विद्यालय होने से विद्यालय में कक्षा छह से दसवीं तक का नामांकन 170 है जिसमें नवमी कक्षा में 70 और दसवीं कक्षा 65 का नामांकन है बालिका विद्यालय बंद होने से उन सभी बालिकाओं के कंधे से बस्ते उतर जाएंगे और वह चौका चुल्हा संभालती नजर आएंगी।

### यथावत रहे, अन्य खाली पड़े विद्यालय भवन में हो शिफ्ट

सरकार यदि महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अन्य खाली पड़े विद्यालय भवनों में शिफ्ट कर बालिका विद्यालय को यथावत संचालित करे तो क्षेत्र की गरीब आदिवासी, अन्य समाज की बालिकाओं एवं उनके अभिभावकों को परेशानी नहीं होगी। जिले में पहले से ही बालिका विद्यालयों की संख्या काफी कम है और अब उन्हें ही बंद कर देने से बालिका शिक्षा पर असर पड़ेगा।

जबकि अंग्रेजी स्कूल संचालित के लिए कस्बे में दो स्कूलों का विकल्प है राजकीय प्राथमिक अम्बेडकर स्कुल हरिजन बस्ती, कुडीया फला स्कूल।

### मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को दिया ज्ञापन

उपतहसील मुख्यालय क्षेत्र का कन्या शिक्षा हेतु बीस गांवो का एकमात्र राजकिय बालिका सेकेंडरी विद्यालय जिसे बंद कर महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय करने पर जिपंस माया कलासुआ, पंचायत समिति सदस्य दुर्गा बामणिया, पंसस योगेश खांट, पुर्व प्रधान शंकरलाल डेचा, बिलिया बडग़ामा सरपंच आजाद कलासुआ, डेचा सरपंच गंगा डामोर, फावटा सरपंच रूपलाल परमार, ओबरी पुर्व सरपंच शंकरलाल रोत, पुर्व उपसरपंच नटवरलाल पटेल, पहाड़सिंह, नागेन्द्रसिंह, हरेन्द्रसिंह, नानजी, रूपजी सहित क्षेत्र के लोगों ने राजकिय बालिका सेकेंडरी विद्यालय को यथावत रखने एवं महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय को ओबरी में अन्य कम नामांकन वाले विद्यालय में शिफ्ट करने को लेकर सागवाड़ा तहसीलदार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम ज्ञापन सौपा।

'क्षेत्र का एक मात्र बालिका माध्यमिक विद्यालय बंद करके महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम में खेलने को लेकर सरकार की बालिकाओं की शिक्षा के प्रति मंशा को लेकर विरोध दर्ज कर सरकार के दोहरा रवैया अपनाने को लेकर असहमति जताई। बालिकाओं की शिक्षा को लेकर जो अन्याय हो रहा है उसके खिलाफ जिला परिषद में आवाज उठाई जाएगी। साथ ही विद्यालय को यथावत रखने एवं विद्यालय को जल्द ही उच्च माध्यमिक विद्यालय बनवाने को जल्द ही विरोध प्रर्दशन किया जाएगा।

**- माया कलासुआ, जिला परिषद सदस्य**

**आज'** पन्द्रह ग्राम पंचायतों का एक मात्र बालिका विद्यालय ओबरी में है। जिसको यथावत रखना सरकार की जिम्मेदारी है अगर सरकार बालिका विद्यालय को बंद करती है तो जल्द उग्र विरोध किया जाएगा। विद्यालय को माध्यमिक से उच्च माध्यमिक बनवाने की बजाय सरकार उसे बंद कर रही है। गरीब आदिवासियों एवं अन्य समाज की बालिकाओं के शिक्षा के हक की लड़ाई जारी रखी जाएगी।

**- दुर्गा बामणिया, पंचायत समिति सदस्य**

## अनंत चतुर्दशी को गणेश प्रतिमाओ का विसर्जन

**डूंगरपुर।**

जिले में गणेश चतुर्थी पर शुरू हुए 10 दिवसीय गणेशोत्सव का आज अनंत चतुर्दशी पर समापन हो गया। कोरोना के चलते जिला प्रशासन स्तर पर गणेश प्रतिमाओं की स्थापना को लेकर अनेक दिशा-निर्देश जारी किए गए थे जिसके तहत लोगो ने अपने घरो व गणेश मंडलों ने मोहल्लो में कोरोना गाइड की लाइन पालना करते हुए गणेशोत्सव मनाया 7 नौ दिनों तक पूरे भक्ति भाव के साथ किये गए पूजा अर्चना के बाद आज 10 दिन हवन पूजन किया गया और पूरे भक्ति भाव के साथ घरों में और मोहल्लो में विराजित गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा रहा है। डूंगरपुर शहर में भी गणेश भक्तों द्वारा विराजित गणेश प्रतिमाओं का शहर के पास दो नदी में भगवान गणेश के जयकारों के साथ विसर्जन किया जा रहा है। कोरोना के चलते जुलूस के रूप में गणेश प्रतिमाओं का लाने की अनुमति नही दी गई है जिसके चलते परिवार के व मोहल्लो के कुछ लोगो द्वारा ही दो नदी पर पहुंचकर गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा रहा है।

## सीमलवाड़ा पंचायत समिति के विकास अधिकारी को हटाया

**सीमलवाड़ा।**

राजस्थान सरकार उपायुक्त एवं उप शासन सचिव द्वितीय डॉ प्रवीण कुमार ने प्रदेश में कई विकास अधिकारियों के तबादले किए हैं जिसमें फिर से पंचायत समिति सीमलवाड़ा विकास अधिकारी का पद फुटबॉल बना दिया व जारी सूची में फिर से किक मारी है। जारी सूची में पंचायत समिति सीमलवाड़ा के विकास अधिकारी हेमाराम चौधरी को बापिणी जोधपुर एवं उनके स्थान पर पीपुलखंड प्रतापगढ़ मणिलाल मईडा को लगाया हैं। दूसरी ओर पंचायत समिति झौथरी के विकास अधिकारी रमेश कुमार को बाप जोधपुर किया उनके स्थान पर से सेखाला जोधपुर से कैलाश कुमार को पदस्थापित किया है।

## भाजयुमो ने कनबा में बांटे तुलसी के पौधे

**कनबा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के तत्वावधान में मोदी जी के जन्म दिन के उपलक्ष में साप्ताहिक कार्यक्रम के दौरान को भाजयुमो जिला अध्यक्ष कल्पेश भारती की मौजूदगी में एवं स्वच्छता अभियान के जिला संयोजक अमित टेलर के नेतृत्व में कनबा गांव के लक्ष्मीनारायण मंदिर चौक से सफाई अभियान का आगाज किया गया। पौध रोपण भी किया गया। गांव में कार्य भी किया गांव में तुलसी के पौधे भी वितरित किए गए। अवसर पर भारतीय जनता पार्टी गंगेश्वर मंडल अध्यक्ष धर्मवीर सिंह, बालकृष्ण मनात व पंकज पटेल, राहुल सुथार, सुमित प्रजापत, रमेश पटेल, दिनेश पटेल, गोतम सोलविया, हाजा मानत, मगन खराड़ी, कैलाश खराड़ी, हीरा लाल मानत, लाल शंकर डामोर, मानशंकर पटेल, दिनेश यादव मौजूद थे।

## प्रतापपुरा गांव में आदिवासी परिवार में भोजन के लिए पहुंचे भागवत

**उदयपुर।** संघ प्रमुख मोहन भागवत उदयपुर दौरे पर हैं। रविवार शाम को भागवत उदयपुर से लगभग 15 किलोमीटर दूर प्रतापपुरा गांव में नारायण गमेती के गांव खाना खाने पहुंचे। नारायण गमेती चित्तौड़गढ़ प्रांत के शारीरिक प्रमुख हैं। नारायण गमेती जिसके यहां भागवत पहुंचे उन्होंने कहा कि यह एक तरह से साधना का फल मिल गया। भोजन पर गए भागवत के लिए देशी मेवाड़ी खाना तैयार किया गया। भागवत के खाने में मक्के के पानये, उड़द की दाल, लापसी, राबड़ी, चावल, चटनी तैयार की गई है। भागवत के घर पहुंचने पर नारायण की बेटियों तनीषा और युक्ती ने भागवत को तिलक लगाया। इसके बाद पत्नी सहित नारायण ने भागवत की आरती भी उतारी। भागवत को मेवाड़ी पानया यानी बाटी काफी पसंद आई। उन्होंने कहा इसे टेस्ट का गोल्ड मेडल मिलना चाहिए।

## युवती पर गिरा हाईटेंशन लाइन का तार मौके पर ही तोड़ा दम

**उदयपुर।**

उदयपुर जिले के कोटड़ा क्षेत्र के ढेडमाड रीया में दर्दनाक हादसा हो गया। युवती पर बिजली की हाईटेंशन लाइन गिरने से मौत हो गई। पूरा हादसा पिता के सामने हुआ। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद शव का पीएम करवा परिजनों को सुपूर्द किया। ढेडमारिया निवासी रमेश कुमार अपनी बेटी पारी कुमारी (20) के साथ कोटड़ा मुख्यालय से सामान की खरीददारी कर ऑटो से ढेडमारिया पहुंचा। जहां दोनों उतरे। पिता ऑटो वाले को किराया चुका रहा था। इस दौरान बेटी करीब पचास फीट दूरी पर लघुशंका के लिए गई। वहां से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से अचानक पारी पर गिर गई। करंट लगने से पारी की मौके पर ही मौत हो गई।

## 41 घंटे बाद 5 लाख पर राजीनामा हुआ, पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाया,लेकिन परिजन रुपए मिलने पर ही अंतिम संस्कार करने पर अड़े

**डूंगरपुर।**

जिले के शिशोद गांव में आरएसी जवान रमेश लिम्बात के हत्या मामले मौताणे पर विवाद बढ़ता ही जा रहा है। रविवार दोपहर 5 लाख रुपए मौताणा तय होने के बाद 41 घंटे बाद पोस्टमार्टम करवाया गया। इसके बाद अचानक परिजनों ने शव लेने से मना कर दिया। शव को अस्पताल छोड़कर वापस गांव चले गए।

गांव आकर मौताण के रुपए नहीं मिलने तक अंतिम संस्कार नहीं करने पर अड़ गए। अनहोनी की आशंका में गांव में पुलिस बल तैनात हैं। पुलिस रविवार दोपहर ढाई बजे दोनों पक्षों में राजीनामा होने के बाद मृतक के परिजनों को अस्पताल लेकर गए। पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपने लगे तो,मामला फिर बढ़ गया। परिजन शव छोड़कर वापस गांव चले गए। सामने आया है कि परिजन मौताणे की राशि नहीं मिलने तक अंतिम संस्कार नहीं करने पर अड़े हुए हैं।

### यह था मामला

17 सितंबर की रात 12 हमलावरों ने आरएसी जवान रमेश लिम्बात को घर में घुसकर मौत के घाट उतार दिया था। मौत के बाद परिजनों के पोस्टमार्टम करवाने से मना कर दिया। मौताणे और आरोपियों की गिरफ्तार की मांग पर अड़ गए। शनिवार से चला विवाद 41 घंटे बाद रविवार दोपहर ढाई बजे जाकर खत्म हुआ था। दोनों पक्षों के बीच 5 लाख के मौताणे पर सहमति बनी लेकिन विवाद वापस उठ गया। थानाधिकारी ने बताया कि घटना में अंकित अहारी, राहुल गमेती व मयंक अहारी तीन युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई हैं। लैमर एसपी सुधीर जोशी, एएसपी अनिल मीणा और डीएसपी मनोज सामरिया मामले पर लगातार नजर हुए हैं।

## संगमेश्वर महादेव मंदिर में हुई चोरी का आज खुलासा, 3 गिरफ्तार

**गणेशपुर।**

दोवडा थाना पुलिस ने देवला गांव में सात माह पूर्व संगमेश्वर महादेव मंदिर में हुई चोरी का आज खुलासा कर दिया है। मामले में पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोवडा थाने के थानाधिकारी कमलेश चोधरी ने बताया की फ़रवरी माह में मंदिर के पुजारी ने थाने में रिपोर्ट दी थी की अज्ञात चोर मंदिर की दान पेटी को तोड़कर उसमे से करीब 40 हजार रूपये की नगदी चुरा ले गए थे। जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। इधर मामले में सफलता हासिल करते हुए पुलिस ने आज उदयपुर जिले के जामुडा घाटा निवासी सोहन कलासुआ, कांति कलासुआ और सुरखंड खेडा कालीघाटी निवासी शंकर मीणा को आज गिरफ्तार किया है। इधर पुलिस तीनो आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पूछताछ में और भी वारदाते खुलने की सम्भावना है।

## शक्तिपीठ अंबाजी धाम के दर्शन कर लोट रहे एक युवक की मौत, 2 गंभीर रूप से घायल

**डूंगरपुर।**

डूंगरपुर जिले के बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र के कनबा गांव के पास शनिवार देर रात को दो मोटरसाइकिल को आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। दर्दनाक हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि 2 युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसमे से एक युवक की हालत गंभीर होने पर उदयपुर के लिए रैफर कर दिया है। बिछीवाड़ा थाना पुलिस के अनुसार नलवा निवासी प्रकाश कोटेड और गांव का ही महिपाल कटारा 17 सितंबर को गुजरात के प्रसिद्ध शक्तिपीठ अंबाजी धाम के दर्शनों के लिए गए थे। कल शनिवार देर शाम को मोटरसाइकिल लेकर घर वापस लौट रहे थे कि डूंगरपुर-बिछीवाड़ा रोड पर कनबा के पास सामने से आ रही एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में प्रकाश कोटेड, महिपाल कटारा और दूसरी बाइक पर सवार राकेश पटेल निवासी घड़माला गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर बिछीवाड़ा थाना पुलिस मौके पर पंहुची और घायलों को एम्बुलेंस से डूंगरपुर जिला अस्पताल पंहुचाया। डॉक्टर ने जांच के दौरान प्रकाश कोटेड निवासी नलवा को मृत घोषित कर दिया। वहीं हादसे में गंभीर घायल राकेश पटेल को उदयपुर रैफर कर दिया गया। इसके बाद पुलिस ने शव को जिला अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया। फिलहाल शव मोर्चरी में रखा हुआ है और परिजनों के नही आने से पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू नहीं हो सकी है।

## डूंगरपुर जिले में दिगम्बर जैन समाज के 10 दिवसीय दस लक्षण पर्युषण पर्व का हुआ समापन

### सुरपुर,प्रगति नगर और उंडा जैन मंदिर सहित अन्य जिनालयो में अंतिम दिन हुए विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान

डूंगरपुर। जिले में दिगम्बर जैन समाज के 10 दिवसीय दस लक्षण पर्युषण पर्व का आज समापन हो गया। पर्युषण के अंतिम दिन डूंगरपुर शहर के उंडा जैन मंदिर, प्रगति नगर जैन मंदिर व सुरपुर और वस्सी जैन मंदिरों सहित अन्य जिनालयो में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान हुए। इस मौके पर जैन श्रद्धालुओ ने भगवान आदिनाथ, भगवान महावीर, भगवान पार्श्वनाथ का पंचामृत अभिषेक और पूजा अर्चना की। इस दौरान मंदिरों में दस लक्षण का उपवास का विधान भी किया गया। वही दस लक्षण पर्युषण पर्व के अंतिम दिन जैन श्रद्धालुओं ने क्षमा दिवस भी मनाया और पूरे साल भर के दरमियान मन , काया, और वचन से हुई भूल व गलतियों के लिए एक-दुसरे से क्षमा भी मांगी।

## सागवाड़ा भाजपा नगर अध्यक्ष भट्ट ने दिया इस्तीफ़ा

**सागवाड़ा।** सागवाड़ा भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम भट्ट ने रविवार को पारिवारिक कारणों के चलते अपने पद से त्यागपत्र जिलाध्यक्ष प्रभु पण्ड्या को भिजवा दिया। जिलाध्यक्ष को भेजे त्यागपत्र में भट्ट ने बताया कि पारिवारिक परिस्थितियों के अनुकूल होने पे वें सक्रिय रूप से पार्टी का कार्य करेंगे।

## जड़िया श्रीमाल समाज ने भगवान अनन्त का व्रत कर कथा का श्रवण किया

**डूंगरपुर।**

स्व गेबिलाल जी धूलजी श्रीमाल के पुराने निवास जैन बोर्डिंग के पास यजमान प्रवीण गेबिलाल के सानिध्य में जड़िया श्रीमाल समाजजनो की ओर से सुबह श्री अनन्त की पूजा अर्चना कर व्रत किया।

भगवान अनन्त एवम समस्त देवताओं का आह्वान कर आचार्य मिनेश बालकृष्ण जोशी के मुखारबिंद से भगवान अनन्त की कथा का वाचन किया। मुकेश श्रीमाल पूर्व पार्षद ने जानकारी दी कि यह कथा पिछले 55 वर्षों से स्व श्री गेबिलाल परिवार द्वारा भगवान अनंत की कथा का आयोजन अपने पुराने निवास पर अनवरत किया जाता रहा है। समस्त समाजजनो द्वारा कथा का श्रवण कर भगवान की आरती कर



प्रसाद अर्पण किया।कथा में गणेशलाल शंकरलालजी, मुकेश गेबिलाल,महेन्द्र श्रीमाल, गजेन्द्र श्रीमाल, जयंतीलाल कारीलालजी, सतीश गेबिलाल, चेतनलाल जवेरचंद जी, हितेन्द्र श्रीमाल, उत्त्पल श्रीमाल, भगवतीलाल रूपचंदजी, जिग्नेश श्रीमाल, मनोज श्रीमाल, वीरेंद्र कुमार,जयेश पुरषोत्तम, सुरेश रामचन्द्र , मयूर श्रीमाल एवं बबीता श्रीमाल उपस्थित होकर लाभ लिया।

## कार्यकर्ताओं और समर्थकों के सुख-दुःख में हमेशा साथ खड़ा मिलूंगाः कैलाश चौधरी

**बाड़मेर।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री कैलाश चौधरी के जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर रविवार को खेमसिद्ध ब्लड डोनर्स क्लब के बैनर तले भाजपा युवा मोर्चा बाड़मेर द्वारा जाट चैरिटेबल ट्रस्ट में रक्तदान शिविर एवं स्नेहमिलन समारोह का आयोजन किया गया। शिविर में भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं एवं केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी के समर्थकों की ओर से स्वैच्छिक रक्तदान किया गया। भाजयुमो कार्यकर्ताओं द्वारा रक्तदान कर कृषि राज्यमंत्री कैलाश चौधरी के स्वस्थ व लंबी उम्र की कामना की गई। रक्तदान शिविर एवं स्नेह मिलन समारोह में केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी भी शामिल हुए और स्नेह, सम्मान व शुभकामनाओं के लिए सभी भाजयुमो कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों का आभार व्यक्त किया। स्नेह मिलन समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने कहा कि जिस तरह से पार्टी के युवा कार्यकर्ताओं, समर्थकों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा जन्मदिन के लिए आप सबने इतना स्नेह एवं सम्मान दिया है, यह स्नेह प्यास आगे भी बनाए रखे। कैलाश चौधरी ने संसदीय क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं और युवा समर्थकों को भरोसा दिलाया।

## हिन्दू राष्ट्र के परम वैभव में विश्व का कल्याण निहित :भागवत

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने उदयपुर में प्रबुद्धजन गोष्ठी को किया संबोधित

**उदयपुर।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार ने अपने व्यक्तिगत स्वार्थ की आहुति देते हुए भारतवर्ष के लिए कार्य करने का मार्ग सहर्ष चुना। डॉ. हेडगेवार ने प्रारंभिक वर्षों में यह अनुभव किया कि स्वाधीनता मिलने के बाद भी पुनः हम पराधीन न हों, इस पर विचार करना होगा। संघ की स्थापना के मूल में यही चिंतन रहा। यह बात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने रविवार को उदयपुर के विद्या निकेतन सेक्टर-4 में आयोजित प्रबुद्धजन गोष्ठी में कही। उदयपुर के गणमान्य नागरिकों को संघ के उद्देश्य, विचार व कार्य पद्धति के विषय पर उद्बोधन देते हुए सरसंघचालक ने कहा कि व्यक्ति निर्माण का कार्य संघ का लक्ष्य है। व्यक्ति निर्माण से समाज निर्माण, समाज निर्माण से देश निर्माण





संभव है। उन्होंने कहा कि जो स्वयंसेवक अन्यान्य क्षेत्र में स्वायत्त रूप से कार्य कर रहे हैं, मात्र उन्हें देख कर ही संघ के प्रति किसी तरह की धारणा नहीं बनाई जा सकती। संघ विश्व बंधुत्व की भावना से कार्य करता है। संघ के लिए समस्त विश्व अपना है। उन्होंने कहा कि संघ को नाम कमाने की लालसा नहीं है। क्रेडिट, लोकप्रियता संघ को नहीं चाहिए। 80 के दशक तक हिंदू शब्द से भी सार्वजनिक परहेज किया जाता था, संघ ने इस विपरीत परिस्थिति में भी कार्य किया। प्रारंभिककाल की साधनहीनता के बावजूद संघ आज विश्व के सबसे बड़े संगठन के स्वरूप में है।

संघ प्रमाणिक रूप से कार्य करने वाले विश्वसनीय, कथनी करनी में अंतर न रखने वाले समाज के विश्वासपात्र लोगों का संगठन है। सभी हिंदू हमारे बंधु हैं, यही संघ है। संघ की शाखा, संघ के स्वयंसेवक यही संघ है। समाज में सकारात्मक सेवा कार्य स्वयंसेवक स्वायत्त रूप से करते हैं।

सरसंघचालक डॉ. भागवत ने संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार को उद्धृत करते हुए कहा कि वे कहते थे, हिंदू समाज का संगठन भारत की समस्त समस्याओं का समाधान कर सकता है। हम सभी भारत माता की संतान हैं, हिंदू अर्थात सनातन संस्कृति को मानने वाले हैं। सनातन संस्कृति के संस्कार विश्व को आलोकित कर सकते हैं। हिंदू की विचारधारा ही शांति और सत्य की है। हम हिंदू नहीं है, ऐसा एक अभियान देश व समाज को कमजोर करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। जहां जहां विभिन्न कारणों से हिंदू जनसंख्या कम हुई है, वहां समस्याएं उत्पन हुई हैं, इसलिए हिंदू संगठन सर्वव्यापी बन कर विश्व कल्याण की ही बात करेगा। उन्होंने कहा कि हिंदू राष्ट्र के परम वैभव में विश्व का ही कल्याण होगा।

## केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने आचार्य विद्यासागर महाराज से आशीर्वाद लिया



**भोपाल।**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आचार्य विद्यासागर महाराज से दयोदय तीर्थ पहुंचकर आशीर्वाद लिया।

शाह ने आचार्य श्री से 40 मिनट एकांत में राष्ट्र की समृद्धि, शिक्षा नीति, राष्ट्रभाषा का विकास आदि विषयों पर चर्चा कर आशीर्वाद प्राप्त किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय राज्यमंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, मध्यप्रदेश के भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा मध्य प्रदेश के मंत्री नरोत्तम मिश्रा आदि विशिष्ट जनों ने आचार्य श्री के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।